# देश की आधी आबादी को उसका हक देने भाजपा के बढ़ते कदम : प्रतिमा

## नारी शक्ति वंदना अधिनियम के स्वागत में महिला नेत्रियों ने रखी अपनी राय




नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी ने देश की आधी आबादी को विकास और संचालन में बराबर का भागीदार बनाने का जो बीड़ा उठाया है उसमें देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति वंदना अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा.यह बात प्रदेश की नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कही.**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में श्रीमती बागरी के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष सीमा यादव, प्रदेश कार्यकारिणी की सहमीडिया प्रभारी प्रियांश उर्मलिया मधु बाल्मीक, मनीषा सिंह, प्रभा पाण्डेय और प्रीति रैकवार भी उपस्थिति रहीं चर्चा के दौरान राज्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने इस अधिनियम के लिए तीन दिन का विशेष सत्र आमंत्रित किया है. उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत देश की आधी आबादी को 33 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के विकास और संचालन में बराबर का हिस्सेदार बनाया जाएगा. उन्होने बताया कि सरकार 2023 में पारित महिला आरक्षण बिल में इस अधिनियम के माध्यम से संशोधन करने जा रही है. इससे जनगणना के बाद परिसीमन चक्र की शर्त को हटाया जा सकेगा. 2029 में होने वाले चुनाव के समय संसद के अन्दर महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें दे कर नारीसशक्तिकरण की पहल को और मजबूत किया जाएगा.

### महिला विरोधी कांग्रेस


राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार देने के मामले में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का रवैया कभी ठीक नहीं रहा. महिला आरक्षण विधेयक पहली बार 1996 में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रस्तुत किया था. हालांकि उस समय इसे संसदीय स मिति के पास भेज दिया गया बाद में इसे पारित कराने की कभी किसी ने कोई पहल नहीं की. उन्होंने बताया कि 2010 में राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पारित होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी उसे लोकसभा में प्रस्तुत नहीं किया.

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

आधी आबादी के अधिकारों को लेकर हमेशा गंभीर रहने वाली मोदी स रकार ने महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक दोनों ढंग से आत्म निर्भर बनाने की पहल की है. यही कारण है कि आज पूरे देश में 10 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जोड़कर 11 लाख करोड़ की अब तक वित्तीय सहायता दी जा चुकी है. राज्यमंत्री ने देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज को नेतृत्व दिये जाने का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान में देश की महिलाएं और बेटियां हर क्षेत्र में अपना प्रभाव दिखा रही हैं.

# सतना-चित्रकूट मार्ग पर बस पलटी, 29 यात्री घायल

## तीन की हालत गंभीर, हाटी मोड़ के निकट हुआ हादसा



नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. सतना-चित्रकूट राज्यमार्ग पर हाटी मोड़ के निकट मंगलवार की दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में बस में सवार 29 यात्री घायल हो गए. अचानक सामने आए इलेक्ट्रिक आटो को बचाने के चक्कर में चालक ने ब्रेक लगाते हुए बस को मोड़ दिया. जिसके चलते बस अनियंत्रित होकर पलट गई. घायलों का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है. जिसमें से 3 की हालत गंभीर बनी हुई है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नफीस ट्रवेल्स की बस क्रमांक एमपी 17 पी 1108 मंगलवार की दोपहर सतना से चित्रकूट जाने के लिए रवाना हुई थी. बताया गया कि दोपहर के लगभग सवा 12 बजे यात्री बस जैसे ही हाटी मोड़ के निकट पहुंची. वैसे ही रास्ते में एक इलेट्रिक आटो अचानक सामने आ गया. चूंकि आटो में सवारियां बैठी हुई थीं. लिहाजा उन्हें बचाने के लिए बस चालक ने जोर से ब्रेक दबाते हुए बस की दिशा मोड़ दी. लेकिन तेज गति के साथ ब्रेक लगाने और स्टेयरिंग मोड़ने के चलते बस अनियंत्रित हो गई और देखते ही देखत धड़ाम से जा पलटी. बस पलटते ही उसममें सवार यात्रियों के बीच चीख पुकार मच गई. घटना होती देख आस पास मौजूद लोग भागकर मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना देने के साथ ही बस में से यात्रियों को बाहर निकलना शुरु किया. कुछ देर में ही डायल 112 वाहन मौके पर पहुंच गया. इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए. आनन-फानन में घायल यात्रियों को 108 एंबुलेंस और डायल 112 वाहन की मदद से जिला अस्पताल भेजा जाने लगा. कुछ देर बाद ही उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय खरे भी पहुंच गए. यात्रियों को जल्द से जल्द अस्पताल भेजने के लिए कुछ निजी एंबुलेंस का सहारा भी लिया गया. अस्पताल पहुंचते ही घायल यात्रियों को भर्ती कर उपचार शुरु किया गया. इस दुर्घटना में बस में सवार 29 यात्री चोटिल हो गए. जिसमें से दो दर्जन यात्रियों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया. घायल यात्रियों में 2 महिला समेत 3 की हालत गंभीर बताई गई. जिन्हें फिलहाल वेंटिलेटर पर रखा गया है.

### इन घायलों का उपचार जारी

बस पलटने की घटना में घायल जिन यात्रियों का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है उनमें अंजू केवट पति दयाशंकर 25, दयाशंकर 28 निवासी सीधी सेमरिया, श्यामचंद्र केवट 50, पार्वती केवट 48, रामनिवास केवट 42 निवासी गुढ़वा शहडोल, राहुल गुप्ता 40, महेश गुप्ता 58 निवासी महादेवा धवारी, बुद्धा साकेत 60 वर्ष सूरजदीन साकेत 52 ग्राम जूड़ा नादन मैहर, जगतनारायण 40, रासजीवन सीकरी निवासी बांदा उप्र, राजकुमारी 40 पति लालबहादुर निवासी चित्रकूट, संगीता चौधरी 35, जितेंद्र चौधरी 37, बाबूलाल 48 निवासी कृष्णनगर, मोहती कमलेश 40 जैतीपुर सलेहा पन्ना, कांतिशरध तिवारी 47, दादूलाल तिवारी 54 निवासी मझगवां शामिल हैं. बस दुर्घटना में मामूली तौर पर चोटिल दयाशंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि वे अपनी 1 वर्ष की बालिका की आंख दिखाने के लिए जानकीकुण्ड नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट जा रहे थे.

# सीवर कार्य के दौरान ब्लास्ट से घर हुआ क्षतिग्रस्त

## बेटी की शादी में दहेज में देने लिए रखी बुलेट बाइक मलबे में दबी

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. मैहर शहर के वार्ड क्रमांक 9, पुरानी बस्ती उत्तर दरवाजा क्षेत्र में सीवर लाइन निर्माण के दौरान हुए विस्फोट से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में घर में रखी शादी में दहेज के लिए रखी एक नई बुलेट बाइक मलबे में दबकर खराब हो गई।**



परिजनों के अनुसार, क्षेत्र में सीवर लाइन डालने का कार्य चल रहा है, लेकिन सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। रास्ते पर खोदे गए गहरे गड्ढों को लेकर पहले भी चिंता जताई गई थी, लेकिन कोई ठोस उपाय नहीं किए गए। बताया गया है कि पाइपलाइन डालने के दौरान की गई ब्लास्टिंग इतनी तेज थी कि पास ही रहने वाले दिनेश प्रजापतिका मकान प्रभावित हुआ। दिनेश प्रजापति की बेटी की शादी 21 अप्रैल को होनी है, जिसके लिए तैयार किया गया दहेज का सामान, जिसमें बुलेट बाइक भी शामिल थी, क्षतिग्रस्त हो गया।

### आक्रोशित हुए रहवासी

घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधि मुन्नारमेश प्रजापति ने निर्माण कार्य में लापरवाही के लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। पीड़ित परिवार अब प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहा है और एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है।

### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 25 तक

**सतना 14 अप्रैल.** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान आम नागरिकों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार पखवाड़े के अंतर्गत जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर अनेक गतिविधियां निर्धारित की गई हैं।

# अम्बेडकर जयंती पर जेल से 6 बंदी रिहा

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल 2026) के अवसर पर केंद्रीय जेल सतना से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 6 बंदियों को रिहा किया गया। यह रिहाई राज्य शासन द्वारा घोषित परिहार और जेल मुख्यालय के आदेश के तहत की गई।**



जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में रिहाई की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान सभी रिहा बंदियों को श्रीफल, आध्यात्मिक प्रेरणा हेतु श्रीमद्भगवद् गीता (यथार्थ), लंच पैकेट, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधा, बंदी पारिश्रमिक पासबुक और रिहाई प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रिहा हुए बंदियों में सतना जिले के मणिराज साकेत और रामभूषण पाण्डेय, मैहर जिले के हेतराम द्विवेदी और सुशील साकेत, पन्ना जिले के अनीव खान तथा शहडोल जिले के उदयभान उर्फ उदय सिंह शामिल हैं। इनमें से तीन बंदी—हेतराम द्विवेदी, मणिराज साकेत और उदयभान—खुली जेल कॉलोनी सतना में निवासरत थे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा ने बंदियों को अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने और सदमार्ग पर जीवन बिताने की सीख दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विरोध प्रदर्शन के मामले में नामजद 15 सहित अन्य पर प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सतना 14 अप्रैल. गलत उपचार की वजह से मरीज की मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों द्वारा रविवार को काफी देर तक विरोध प्रदर्शन किया गया था. जिसे पुलिस प्रशासन द्वारा हास्पिटल और परिजनों के बीच समझौता कराकर किसी तरह शांत करा दिया गया था. लेकिन इस मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपानते हुए 15 नामजद सहित अन्य लोगों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.**



नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरीज की मौत से आक्रोशित परिजनों द्वारा रविवार की शाम से लेकर देर रात तक विरोध प्रदर्शन किया गया था. हलांकि परिजनों की व्यथा के आधार पर पुलिस और प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा था. इसी कड़ी में व्यथित परिजनों को समझाने बुझाने का भी पूरा प्रयास किया जा रहा था.

लेकिन परिजनों की आड़ में कुछ असामाजिक तत्व भी घुस आए थे. जिनके द्वारा पाठक हास्पिटल के सामने से लेकर राजमार्ग पर के क्षेत्र में अराजकता फैलाने का प्रयास किया गया. इसके साथ ही राजमार्ग को भी बाधित किया गया. जिसे देखते हुए कोलगवां थाने में 15 नामजद सहित 25-30 अन्य लोगों के विरुद्ध सार्वजनिक मार्ग बाधित करने और आमजन को बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चत की जाएगी. वहीं दूसरी ओर इस मामले की जानकारी सामने आने पर पीड़ित परिजन अवाक रह गए. परिजनों का कहना है कि मरीज की मौत के चलते जब वे आक्रोशित थे तो पुलिस द्वारा उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया जा रहा था. वहीं अब मामला शांत होते ही पुलिस ने उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया.

## एक नजर में



### कांग्रेसियों ने मनाई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**सतना.** 14 अप्रैल मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर सेमरिया चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक एवं जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा, जिलाध्यक्ष शहर आरिफ सिद्दीकी, रश्मि सिंह, सहीद अहमद, रामशंकर पयासी, उर्मिला त्रिपाठी, सुनील गुप्ता, एनएस राजपूत, अंकुर सेठ, कमलनाथ, गर्विश चोपड़ा, राजेश कुशवाहा, जाकिर खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों उपस्थिति रहे।

### बैसाखी पर्व बोनांजा में सोल्लास आयोजित

**सतना.** बोनांजा कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बैसाखी पर्व बड़े ही धूमधाम के



साथ चेयरपर्सन श्री गौरव अरोरा की अध्यक्षता तथा डायरेक्टर श्री दिलीप अरोरा जी के मार्गदर्शन व विशिष्ट उपस्थिति में किया गया जिसमें एकसे बढ़कर एक गीतएनृत्यएव स्पीच प्रतियोगिता का समावेश किया गयाखालसा पंथ की स्थापना ;1699द्ध से लेकर पूरा इतिहास डायरेक्टर द्वारा प्रस्तुत किया गया बेहतरीन प्रस्तुति के लिए हेडमिस्ट्रेस नित्या दुबे मैडम मधु कौरए पुष्पा दत्ताएरीना शर्माए चंदीप कौर को चेयरपर्सन द्वारा पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव का जन्म दिवस भी मनाया गया स्वल्पाहार के बाद अंत में प्राचार्य रश्मि श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित जन समुदाय के प्रति आभार व्यापित किया गयास

### बैसाखी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सतना।** अस्तित्व महिला सशक्तिकरण एवं संरक्षण ग्रुप द्वारा बैसाखी पर्व बड़े ही उत्साह



और उमंग के साथ मनाया गया। बैसाखी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन संयोजिका मोना चोपड़ा के नेतृत्व में सह संयोजक लता केजरीवाल के द्वारा किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। महिलाओं ने लोकगीतों और नृत्यों के माध्यम से बैसाखी के महत्व को प्रस्तुत किया। इस दौरान समूह की सदस्यों ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

# फोन पर बात करते हुए दीवार के सहारे लुढ़का मजदूर

▶ अस्पताल में हुई जांच में ब्राट डेड घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. मैहर जिले के अमरपाटन में शनिवार दोपहर एक मजदूर की काम के दौरान मौत हो गई। वार्ड नंबर 2 स्थित एक निर्माणाधीन मकान में पुताई कर रहे 50 वर्षीय बैजनाथ लोनी फोन पर बात करते समय अचानक बेसुध होकर गिर पड़े। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।**



मृतक की पहचान देवरी जगदीशपुर निवासी बैजनाथ लोनी के रूप में हुई है। वह सतना रोड स्थित कमलेश पटेल की बेटी के नए घर में पुताई का काम कर रहे थे। घटना दोपहर करीब 4 बजे की है, जब बैजनाथ खाना खाने के बाद आराम करते हुए मोबाइल पर किसी से बात कर रहे थे। मकान मालिक रामकिशोर पटेल ने बताया कि मौके पर बिजली का काम कर रहे अन्य कारीगरों ने बैजनाथ को काफी देर तक दीवार के सहारे एक ही स्थिति में बैठे देखा। जब हलचल न होने पर उन्हें हिलाया गया, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इसके बाद उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल अमरपाटन ले जाया गया।

### पुलिस ने शुरू की जांच

परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अस्पताल पहुंचने पर परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# नशे का कारोबार करने वाले दंपत्ति गिरफ्तार

## घर में ही संचालित थी नशे की दुकान, सप्लायर की तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 अप्रैल. मैहर जिले की अमरपाटन पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। शहर के व्यस्त बस स्टैंड इलाके में स्थित अपने घर से नशे का नेटवर्क चलाने वाले पति-पत्नी के कब्जे से पुलिस ने 14 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की है।**

अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि सोमवार शाम को पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, बस स्टैंड के समीप एक मकान में अवैध नशीली सिरप की बिक्री की जा रही थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एएसआई अनिल त्रिपाठी और पुलिस टीम ने घेराबंदी कर घर के पिछले हिस्से में दबिश दी। दबिश के दौरान पुलिस ने मौके से 14 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप (कोरेक्स) बरामद की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोविंद जैन उर्फ बिज्जू जैन (उम्र 30 वर्ष) निवासी सतना रोड अमरपाटन और उसकी पत्नी आराधना जैन (उम्र 23 वर्ष) के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके का फायदा उठाकर काफी समय से युवाओं को नशा परोस रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### मुख्य सप्लायर फरार

पूछताछ में इस नशे के कारोबार के पीछे एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, इस खेप का मुख्य सप्लायर प्रिंस जायसवाल है, जो फिलहाल फरार है। प्रिंस के खिलाफ सतना जिले के विभिन्न थानों में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस की टीमें फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का मॉक ड्रिल से आगाज

नवभारत न्यूज

**सतना 14 अप्रैल. राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 14 से लेकर 20 अप्रैल तक मनाया जा रहा है. लिहाजा इस सप्ताह का आगाज मंगलवार को नगर निगम की अग्निशमन शाखा में तैनात फायर फाइटर्स द्वारा शहर के पन्नीलाल चौक पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर किया गया.**

शहर के पन्नीलाल चौक पर नगर निगम की अग्निशमन शाखा के कर्मचारियों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान फायर फाइटर्स द्वारा मॉक ड्रिल का प्रदर्शन करते हुए आग लगने के दौरान उपनाए जाने वाले बचावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. मॉक ड्रिल प्रदर्शन के दौरान फायर फाइटर्स द्वारा यह समझाने का प्रयास किया गया कि एलपीजी सिलेंडर पर आग लगने घबराएं नहीं. सबसे पहले कंबल या किसी मोटे कपड़े से आग को काबू करने का प्रयास करे. इसके अलावा किसी बाल्टी अथवा बर्तन से आग को ढंकने से भी आग पर काबू पाया जा सकता है. आग को ढंकने से आक्सीजन नहीं मिल पाती जिससे आग का विस्तार रुक जाता है. इसी कड़ी में केमिकल की आग को नियंत्रित करने के लिए मशीन के जरिए फोम का स्प्रे करके भी दिखाया गया.

# बस व्यवसायी रतन सिंह का निधन

**सतना, 14 अप्रैल.** बस व्यवसायी



चिंटू सिंह के पिता कृष्णा बस सर्विस के मालिक रतन सिंह कृपालपुर का सोमवार की दोपहर निधन हो गया है। उनके निधन पर उनके परिचित एवं इष्टजनों ने शोक व्यक्त किया है।

# बाबा साहब की जीवनी और उनके संघर्ष आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी : प्रतिमा

नवभारत न्यूज

**सतना 14 अप्रैल. भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती सतना में श्रद्धा और उत्साह के साथ समारोहपूर्वक मनाई गई।**



जिला प्रशासन द्वारा जिला पंचायत सभागार सतना में सम्पन्न कार्यक्रम में प्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि बाबा साहब की जीवनी और उनके संघर्ष को जानना आने वाली पीढी के लिए सदा प्रेरणादायी रहेगा। सांसद सतना गणेश सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में बाबा साहब के विचार और देश, समाज के लिए उनका योगदान युगों-युगों तक अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, संचार संकर्म समिति के सभापति ज्ञानेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, जिला संयोजक जनजातीय कार्य डॉ. अरूण शुक्ला भी उपस्थित रहे। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का शुभारंभ राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी और सांसद श्री सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया। इस मौके पर राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि नियम हमारे जीवन को व्यवहारिक और व्यवस्थित बनाते है।